|| दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार भजन ||

Chalisamantras.com

दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार,
यहाँ पे भी जो हारा,
कहाँ जाऊंगा सरकार ।

सुख में कभी ना तेरी याद है आई,
दुःख में सांवरिया तुमसे प्रीत लगाई,
सारा दोष है मेरा में करता हूँ स्वीकार,
यहाँ पे भी जो हारा,
कहाँ जाऊंगा सरकार ।

मेरा तो क्या है में तो पहले से हारा,
तुमसे ही पूछेगा ये संसार सारा,
डूब गई क्यों नैया तेरे रहते खेवनहार,
यहाँ पे भी जो हारा,
कहाँ जाऊंगा सरकार ।

सब कुछ गवाया बस लाज बची है,
तुझपे कन्हैया मेरी आस टिकी है,
सुना है तुम सुनते हो हम जेसो की पुकार,
यहाँ पे भी जो हारा,
कहाँ जाऊंगा सरकार ।

जिनको सुनाया सोनू अपना फ़साना,
सबने बताया मुझे तेरा ठिकाना,
सब कुछ छोड़ के आखिर आया तेरे दरबार,

Chalisamantras.com

यहाँ पे भी जो हारा,
कहाँ जाऊंगा सरकार ।

दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार,
दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार,
यहाँ पे भी जो हारा,
कहाँ जाऊंगा सरकार ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com